केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल में 72 वा गण तंत्र दिवस मनाया गया।

आज संस्थान में 72 वा गण तंत्र दिवस समारोह दिवस बड़े हर्ष एवं उलास के साथ मनाया गया । सर्व प्रथम संस्थान के निदेशक डॉ प्रबोध चंद्र शर्मा जी ने गार्ड की सलामी ली ओर ध्वज फहराया । सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो ने मिल कर राष्ट्रीय गान गाया ।

डॉ प्रबोध चंद्र शर्मा जी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को संबोधित करते हुए कहा कि 15 अगस्त को हम स्वतन्त्रता दिवस मनाते हैं ओर 26 जनवरी को हम गणतन्त्र दिवस मनाते हैं ।ये हमारे लिए बड़े गोरव कि बात है । इस दिन हमारा अपना संविधान लागू हुआ था ओर हमारा देश एक गणतन्त्र देश बन गया था ।भारतीय संविधान लचीला है समय के साथ इसमे संसोधन किए जा सकते हैं । संविधान हमे कर्तव्य व अधिकारो के विषय में जानकारी देता हैं कि हमारे कर्तव्य क्या .क्या हैं ए हमे अपने पड़ोस में एकार्यस्थल व सार्वजनिक स्थानो पर कैसा कार्य करना चाहिए । उन्होने कहा कि भारत सरकार द्वारा किसानो को इस वर्ष पदम पुरस्कारों देने की घोषणा की गई है जो कि खेती व किसानो को प्रोत्साहित करने का सफल प्रयास है । जलवायु परिवर्तन आज के समय

में एक नई चुनोती हैं । वैज्ञानिको को शोध करते समय जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रख   कर ही अपने शोध करने चाहिए । हमे सरकारी कार्य कर्तव्य निष्ठा ओर मेहनत से कार्य करना चाहिए ।

इस अवसर पर देश भक्ति के भाषण ,गीत व कविता पाठ भी हुआ ।स्टाफ मनोरंजन क्लब द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया व विजेताओ को निदेशक महोदय द्वारा पुरष्कारों से सम्मानित किया गया । स्टाफ क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर राकेश बनियल द्वारा मंच संचालन किया गया ।